PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Nai Dunia, Delhi
Thu, 22 Jun 2017, Page 11
Width: 48.90 cms, Height: 49.67 cms, a3, Ref: 16.2017-06-22.120

मदूरै में योग करते लोग।

# लखनऊ से न्यूयॉर्क तक योग की धूम, लाखों लोगों ने किए आसन

## भारत में प्रमुख कार्यक्रम लखनऊ में हुआ, पीएम ने कहा योग ने दुनिया को भारत से जोड़ा

**लखनऊ। एर्जेंसी**

तीसरे अंतरराष्ट्रीय दिवस पर बुधवार को पूरी दुनिया में लाखों लोगों ने योग किया। देश में प्रमुख कार्यक्रम लखनऊ में हुआ, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ करीब 51 हजार से अधिक लोगों ने बारिश के बावजूद योग आसन किए। प्रधानमंत्री ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग आसनों ने दुनिया को भारत से जोड़ दिया है। दिल्ली में कनाट प्लेस, न्यूयॉर्क से लेकर चीन की ग्रेट वाल तक योग दिवस की धूम रही। अहमदाबाद में 54 हजार से अधिक लोगों ने एकसाथ योग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

सफेद टीशर्ट और ट्राउजर पहने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ के रमाबाई आंबेडकर मैदान में कहा कि योग अब हर व्यक्तिके जीवन का हिस्सा बन गया है। मोदी ने कहा कि योग बिना लागत का स्वास्थ्य बीमा है। देश के 125 करोड़ लोग यदि इससे स्वस्थ शरीर, मस्तिष्क और ज्ञान प्राप्त करें तो हम लोगों को कई समस्याओं से बचा सकते हैं। मोदी ने कहा कई देश हमारी भाषा, परंपरा या संस्कृति नहीं जानते लेकिन वह लोग योग के माध्यम से भारत से जुड़ रहे हैं। शरीर, मस्तिष्क एवं आत्मा को एक दूसरे से जोड़ने वाले योग ने दुनिया को एक सूत्र में पिरोने में अहम भूमिका निभाई है। लखनऊ और दिल्ली में बारिश ने कुछ खलल डाला। मोदी के साथ राज्यपाल राम नाईक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी योग किया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों के आने के लिए उनको धन्यवाद देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा यहां आपकी उपस्थिती योग को मजबूती देगी और यह सैल्यूट की हकदार है।

### बारिश में योग करने से 21 बच्चे बीमार

प्रधानमंत्री मोदी के साथ रमाबाई अम्बेडकर मैदान पर योग करने के बाद 21 बच्चों की तबीयत खराब हो गई। बारिश और हवा के कारण सर्दी लगने से ये बच्चे बीमार हो गए। उनमें से कुछ का रमाबाई आंबेडकर मैदान में बने अस्थाई अस्पताल में इलाज किया गया। बाद में सभी को लोकबंधु अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। वहां दो-तीन घंटे तक उन्हें डॉक्टर की निगरानी में रखा गया।

### मुस्लिम भी हुए शामिल

आरएसएस की मुस्लिम शाखा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के 5000 सदस्यों ने राज्य के विभिन्न स्थानों पर योग किया। इनमें से 2000 लखनऊ के मुख्य समारोह में शामिल हुए। शिया पीजी कॉलेज लखनऊ के 50 छात्रों ने भी योग किया। संभल में भी करीब 60 मुस्लिम महिला पुरुषों ने योग किया। बड़ी संख्या में दिव्यांगों ने भी राज्य् के विभिन्न स्थानों पर योग में भाग लिया। विदेशी नागरिकों ने भी योग किया।

### वैज्ञानिक भी रंगे योग के रंग में

देश के परमाणु वैज्ञानिक भी योग के रंग में रंगे नजर आए और उन्होंने प्राणायाम के साथ ही विभिन्न योगासन किए। परमाणु उर्जा विभाग (डीएई) के जन जागरुकता प्रमुख रविशंकर नेबताया कि एटॉमिक एनर्जी रिक्रिएशन क्लब, डीएई ने योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें परमाणु उर्जा विभाग के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया तथा प्राणायाम और विभिन्न आसन किए। जेएनयू में भी योग दिवस मना। छात्र-शिक्षकों ने कंवेंशन सेंटर में योग किया

### किसानों ने सड़क पर किया शवासन

भारतीय किसान यूनियन ने मप्र के मंदसौर में पिछले दिनों किसानों पर हुई गोलीबारी तथा केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी नीति के खिलाफ लखनऊ-फैजाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर 'शवासन' किया। सैकड़ों किसानों ने बाराबंकी के सफेदाबाद क्षेत्र में पूर्वाहन नौ से 11 बजे तक शवासन किया। सपा ने सुबह 6 बजे से प्रदेश भर में साइकल यात्रा निकाली।